**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.07.2026 समय : 0705

<><><><><><>

1. अंडमान निकोबार समुद्री मात्स्यिकी नियम (संशोधन), 2025 के अनुरूप, सभी पेलाजिक ट्रॉल नेट में टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस लगाना अनिवार्य किया है।

2. पर्यटन विभाग 17 जुलाई से 'मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के द्वितीय संस्करण का आयोजन कर रहा है।

3. कला एवं संस्कृति विभाग, आज से दो दिवसीय 'स्वरांजलि – एक संगीतमय और सांस्कृतिक शाम' का आयोजन करेगा।

4. अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने जून माह में 5 हजार से अधिक ई–चालान जारी किए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में समुद्र में चलने वाले एक पेलाजिक ट्रॉल नेट में पहली बार टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस का सफल इंस्टॉलेशन किया गया है। यह पहल पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री प्रजातियों के संरक्षण के साथ समुद्री संसाधनों के उपयोग को संतुलित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अंडमान निकोबार समुद्री मात्स्यिकी नियम (संशोधन), 2025 के अनुरूप, द्वीपों में संचालित होने वाले सभी पेलाजिक ट्रॉल नेट में टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसका उद्देश्य लुप्तप्राय समुद्री कछुओं का संरक्षण, जिम्मेदार मछली पकड़ने की प्रथाओं को बढ़ावा देना और समृद्ध समुद्री जैव विविधता की रक्षा करना है।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग 'मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के द्वितीय संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह उत्सव 17 से 19 जुलाई तक प्रदर्शनी मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित होगा। इसके लिए विभाग ने होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, कैफे मालिकों, खाद्य उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, शिल्पकारों, किसानों, स्टार्ट–अप्स, होम शेफ, स्थानीय उद्यमियों के साथ स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागी स्टॉल आवंटन और भागीदारी के लिए अपना आवेदन निदेशालय के ऑपरेशनल सेक्शन में या ईमेल के माध्यम से 14 जुलाई, दिन में ग्यारह बजे तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग 17 जुलाई को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों के लिए अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इस संबंध में, प्रत्येक मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अपने–अपने राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 10–12 प्रमुख मीडिया कर्मियों की पहचान कर उन्हें नामित करने का अनुरोध किया है। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों के साथ जाने के लिए प्रत्येक मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा एक नोडल अधिकारी को भी नामित किया जा सकता है। नामित मीडिया कर्मियों की सूची, उनके संगठन, पद, मोबाइल नंबर और ईमेल पते के साथ, निर्धारित प्रारूप में 13 जुलाई तक आयोग को भेजी जा सकती है। इस सिलसिले में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने द्वीपसमूह के सभी नामित ऑनलाइन या डिजिटल मीडिया प्रतिनिधि का विवरण कल तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

डिगलीपुर के पश्चिमसागर मार्ग पर चलने वाली एक एसटीएस बस कल दोपहर किशोरीनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में स्कूली छात्रों सहित 58 यात्री सवार थे। बस के पलटने से 28 लोग घायल हो गए, जिनमें 17 स्कूल के छात्र और 11 नागरिक शामिल हैं। सूचना मिलते ही मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन ने तुरंत बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया। घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, किशोरीनगर ले जाया गया। क्षेत्र के सहायक आयुक्त, एसडीपीओ और उप–जिला अस्पताल की

मेडिकल टीम ने तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रारंभिक चिकित्सा जांच के बाद, 14 छात्रों और सभी 11 घायल नागरिकों को आगे के परीक्षण और इलाज के लिए उप–जिला अस्पताल, डिगलीपुर रेफर कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार, उप–जिला अस्पताल में भर्ती सभी 25 मरीजों की स्थिति स्थिर है। एक 16 वर्षीय छात्र को आगे के इलाज के लिए जी.बी. पंत अस्पताल, रेफर किया गया। सहायक आयुक्त,ने उप–जिला अस्पताल, डिगलीपुर का दौरा कर सभी आवश्यक उपचार दिए जाने का निर्देश दिया। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, परिवहन विभाग ने जांच लंबित रहने तक चालक को निलंबित कर दिया है। आगे की जांच जारी है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, 'स्वरांजलि – एक संगीतमय और सांस्कृतिक शाम' का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम आज और कल शाम साढ़े पांच बजे गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित होगा। निदेशालय ने आम जनता को इस सांस्कृतिक उत्सव के लिए आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी–आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग और ई–चालान सिस्टम के माध्यम से जून माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 5 हजार से अधिक ई–चालान जारी किए हैं। जिसमें बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, रेड लाइट जंप करना, स्टॉप लाइन पार करना, गलत जगह पार्किंग, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, वन–वे और जेब्रा क्रॉसिंग का उल्लंघन शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अभिभावकों से अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की विशेष अपील करते हुए दुपहिया वाहनों के लिए चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का आईएसआई मार्क वाला सुरक्षात्मक हेलमेट पहनना अनिवार्य किया है। सीसीटीवी–आधारित निगरानी चौबीसों घंटे जारी है। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, वैध वाहन दस्तावेज साथ रखने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, गति सीमा का पालन, नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न देने और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्क करने करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति के तहत अनुबंध के आधार पर फार्मासिस्ट (होम्योपैथी) पद के लिए साक्षात्कार का परिणाम जिला स्वास्थ्य समिति, कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दिया गया है। इसके अलावा परिणाम की सूची प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों की श्रेणीवार अस्थाई वरीयता सूची ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रकाशित कर दी गई है। इस संबंध में दावे या आपत्तियां 15 जुलाई, तक mggcexamwing@gmail.com पर मेल किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची 16 जुलाई, को प्रकाशित की जाएगी। परामर्श की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण फाउंडेशन–एनेट ने मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से उत्तरी वंडूर में दक्षिण अंडमान के सागरमित्रों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र मत्स्य रक्षकों और सागरमित्रों सहित 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक

मत्स्य निदेशक नेस्नास ई.ए. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य प्रबंधन व निगरानी के महत्व, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और विश्वसनीय डेटासेट तैयार करने के लिए फील्ड प्रोटोकॉल पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय छोलदारी में कक्षा छठीं में शैक्षणिक सत्र 2027–28 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई तक निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>